2012

HINDI

(Major)

Paper : 3.2

(Bharatiya Kavya Shastra)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) संस्कृत का प्रथम काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ क्या है?

(ख) वक्रोक्ति-सम्प्रदाय के उद्‌भावक कौन हैं?

(ग) आचार्य विश्वनाथ ने रस की कौन-सी परिभाषा दी थी?

(घ) 'श्लेष' शब्दालंकार है या अर्थालंकार?

(ङ) 'विशिष्ट पदरचना रीतिः'—यह किसकी उक्ति है? वामन

(च) आनन्दवर्द्धन ने किस काव्य-सिद्धान्त की स्थापना की थी?

(छ) आचार्य शुक्लजी मूलतः रसवादी आचार्य थे या अलंकारवादी?

(ज) शब्द-शक्ति की एक परिभाषा दीजिए।

(झ) वक्रोक्ति सम्बन्धी कुन्तक की एक परिभाषा लिखिए।

(ञ) 'रसवत् अलंकार' से आप क्या समझते हैं?

2. संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) काव्य में अलंकार का क्या स्थान है?

(ख) रस को काव्य की आत्मा क्यों कहा जाता है?

(ग) रीति कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

(घ) 'दोहा' और 'कवित्त' छन्द का विशिष्ट प्रयोग करने वाले हिन्दी के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए तथा उनके द्वारा रचित एक-एक ग्रंथ का नाम उल्लेख कीजिए।

(ङ) उपमा के अंगों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) काव्य-हेतुओं का उल्लेख करते हुए उनमें से किसी एक काव्य-हेतु का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) 'स्थायीभाव' किसे कहते हैं? किसी एक रस के स्थायीभाव का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(ग) 'यौगिक' तथा 'योगरूढ़' शब्द किसे कहते हैं? दो-दो यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द लिखिए। 97 P.g no

(घ) अलंकार के सम्बन्ध में आचार्य केशवदास की धारणा को स्पष्ट कीजिए। 132

(ङ) लक्षणा तथा व्यंजना शब्द-शक्ति को परिभाषित करते हुए दोनों के बीच के अन्तरों को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(च) काव्य के भेदों के परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) काव्य-लक्षण सम्बन्धी संस्कृत तथा हिन्दी के प्रमुख मतों का विवेचन कीजिए। 71 P.g

अथवा

काव्य-प्रयोजन किसे कहते हैं? प्रमुख काव्य-प्रयोजनों की आलोचना कीजिए। P.g. 13

(ख) 'रस' की विविध सामग्री का परिचय दीजिए।

अथवा

'साधारणीकरण' किसे कहते हैं? साधारणीकरण सम्बन्धी किन्हीं दो विचारकों के मतों की समीक्षा कीजिए।

(ग) उदाहरण तथा संघटना सहित निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** अलंकारों का परिचय दीजिए :

रूपक ; उत्प्रेक्षा ; अतिशयोक्ति ; विरोधाभास ; यमक।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** छन्दों का सम्यक् परिचय दीजिए :

दोहा ; सवैया ; गीतिका ; सोरठा।

(घ) अलंकार सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्यों का सामान्य परिचय दीजिए।

अथवा

ध्वनि सम्प्रदाय के लिए आनन्दवर्द्धन की क्या देन रही है?

★★★